>> रक्षोपाय शुल्क नियमावली के नियम 5(2) के अंतर्गत विहित प्रपत्र

जांच शुरूआत का नोटिस जारी होने के पश्चात

1 घरेलू उत्पादकों के लिए प्रश्नावली

खंड 1	सामान्य सूचना
खंड 2	समान या सीधे प्रतिस्पर्धी उत्पाद
खंड 3	क्षति
खंड 4	समायोजन योजना संबंधी सूचना
खंड 5	आयातों संबंधी सूचना, यदि कोई हो
खंड 6	विविध सूचना

2 आयातों के लिए प्रश्नावली

खंड 1	सामान्य सूचना
खंड 2	आयातित उत्पाद का विवरण
खंड 3	आयातों की मात्रा एवं कीमत
खंड 4	आपूर्तिकर्ताओं के बारे में सूचना

3 निर्यातकों के लिए प्रश्नावली

खंड 1	सामान्य सूचना
खंड 2	निर्यातित उत्पादों का विवरण
खंड 3	क्षमता, उत्पादन, निर्यातों की मात्रा एवं कीमत

घरेलू उत्पादकों के लिए प्रश्नावली

खंड 1: सामान्य सूचना : मुख पृष्ठ पर जाएं

i. पहचान के संबंध में संपूर्ण विवरण

क. उद्यम का नाम, कार्य का स्थान :

ख. पंजीकृत कार्यालय, विपणन कार्यालय एवं मुख्यालय का पता :

ग. दूरभाष संख्या/फैक्स संख्या :

घ: संपर्क व्यक्ति, पता और दूरभाष संख्या/फैक्स संख्या :

ii. कारपोरेट ढांचा :

iii. विनिर्मित वस्तुएं :

iv. वितरण एवं विपणन प्रणाली :

खंड 2: समान अथवा सीधे प्रतिस्पर्धी उत्पाद मुख पृष्ठ पर जाएं

i. आपके द्वारा उत्पादित समान अथवा सीधे प्रतिस्पर्धी उत्पाद/उत्पादों का विवरण

क. उत्पाद का नाम :

ख. उत्पाद का विवरण, जिसमें विभिन्न ग्रेड, साइज, मॉडल अथवा प्रकार आदि शामिल हों। वर्गीकरण का आधार :

ग. उत्पाद की विशेषताएं एवं गुण :

घ. उत्पाद के प्रयोग : क्या विभिन्न ग्रेडों/विशिष्टताओं का प्रयोग अंतर्विनिमेय रूप से किया जा सकता है।

ङ. उपभोक्ताओं के एवं विनिर्माता तथा वाणिज्यिक चैनल्स के अनुभव का विवरण देते हुए उत्पाद की प्रतिस्थापनीयता :

च. उत्पादन के लिए प्रयोग किया गया कच्चा माल एवं संघटक तथा अन्य सामग्री :

छ. उत्पादन/विनिर्माण की प्रक्रिया : विवरण के साथ पूर्ण फ्लो चार्ट दिया जाना चाहिए :

ज. प्रशुल्क वर्गीकरण (केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1985 के अंतर्गत)

(i) पिछले 3 वर्षों के दौरान केंद्रीय उत्पाद शुल्क की दरें:

(ii) (क) ऊपर (i) में दिए गए आयातित उत्पाद का प्रशुल्क वर्गीकरण सहित विवरण :

(ख) यह बताएं कि आपके उत्पाद को किस तरह ऊपर (क) के समान अथवा सीधे प्रतिस्पर्धी उत्पाद के रूप में माना जा सकता है:
(iii) आपके उत्पाद के औद्योगिक उपयोक्ताओं/उपभोक्ताओं का विवरण : कृपया बड़े उपभोक्ताओं की सेगमेंटवार सूची प्रस्तुत करें:

(iv) आयातित उत्पाद के औद्योगिक प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं का विववरण :

(v) उत्पादन लागत का विवरण जिसमें नियत एवं परिवर्तनशील लागत को अलग-अलग दर्शाया गया हो। परिवर्तनशील लागत में शामिल है कच्चा माल, रासायनिक एवं उपभोज्य वस्तुएं (स्टोर्स), जल, ऊर्जा एवं ईंधन प्रभार, प्रत्यक्ष श्रम इत्यादि और नियत लागत में शामिल हैं वित्त लागत (ब्याज), मूल्यह्रास, मरम्मत एवं अनुरक्षण, प्रशासनिक उपरिशीर्ष आदि :

खंड 3: क्षति : शीर्ष पर_वापस जाएं

(i) संस्थापित मशीनरी एवं संयंत्र का उत्पादन लाइनवार विवरण। उसके संस्थापन पर उपगत व्यय। पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए कोई संवर्धन। इसके अतिरिक्त किया गया कोई अन्य निवेश।
(ii) पूंजी निवेश की अन्य योजनाओं संबंधी सूचना।
(iii) निधियों का स्रोत।
(iv) पिछले तीन वर्षों की प्रत्येक उत्पाद के लिए किस्मवार संस्थापित क्षमता एवं क्षमता उपयोग।
(v) पिछले तीन वित्तीय वर्षों (माहवार) के लिए उत्पादन, बिक्री, भंडार का विवरण प्रत्येक उत्पाद के लिए मात्रावार और मूल्यवार प्रदान करें। (कृपया आपके द्वारा किए गए किसी आयात, यदि कोई हो तो, को यहां शामिल न करें)।
(vi) मात्रा और मूल्य दोनों के संबंध में घरेलू बाजार में बिक्री का विवरण। (कृपया आयातित सामग्री की बिक्री को यहां शामिल न

करें)। पिछले तीन वर्षों के दौरान ग्राही रूप से प्रयोग की गई किसी मात्रा का पृथक से विवरण (माहवार) दें।

(vii) देशवार निर्यातों का मात्रा और मूल्य दोनों रूपों में यह विवरण (यदि किसी आयातित सामग्री का पुनर्निर्यात किया गया है तो उसे यहां शामिल न करें) दें कि किसको निर्यात किया गया और किस कीमत पर निर्यात किया गया। कृपया निर्यात कीमत की तुलना में घरेलू कीमत में अंतर स्पष्ट करें। डीम्ड निर्यातों, यदि कोई हों तो, का विवरण भी प्रस्तुत करें।

(viii) बिक्री कीमत के संबंध में सूचना (पिछले तीन वर्षों की)। बल्क एवं पैक्ड प्ररूप के लिए प्रापण का पृथक-पृथक उल्लेख करें। कृपया बल्क एवं पैक्ड प्ररूप में बेची गई मात्रा (मात्राओं) का भी पृथक-पृथक उल्लेख करें।

(ix) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रयोग किया गया कच्चा माल और उसकी कीमत। कृपया तैयार उत्पाद की खपत के अनुपात का भी उल्लेख करें।

(x) कच्चे माल की कीमत में पिछले तीन वर्षों के दौरान हुए परिवर्तन का उत्पादन लागत और बिक्री कीमत पर प्रभाव।

(xi) उस उचित बाजार कीमत के संबंध में सूचना दें जिसे पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राप्त करने की आपको उम्मीद थी और उसके लिए आधार अर्थात उत्पादन लागत, कच्चे माल की लागत, श्रम, उपरिशीर्षों आदि का विवरण दें। (क्षमता उपयोग के विभिन्न स्तरों पर नियत एवं परिवर्तनशील लागत का विवरण अलग से प्रदान करें।

(xii) पिछले तीन वर्षों के दौरान घरेलू बिक्रियों पर प्रदान किए गए रिबेट/डिस्काउंट का माहवार उल्लेख करें।

(xiii) आपके द्वारा प्राप्त की गई किसी भी प्रकार की सब्सिडि उसकी प्रकृति एवं राशि - सब्सिडि कौन देता है और क्यों दी जाती है, का विवरण प्रदान करें।

(xiv) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक उत्पाद की किस्मवार की गई बिक्रियों पर लाभ एवं हानि का विवरण प्रदान करें।

(xv) नियोजित कर्मचारियों और पिछले तीन वर्षों के दौरान नियोजन को, यदि कोई क्षति हुई है तो उसका विवरण प्रदान करें।

(xvi) पिछले तीन वर्षों के तुलनपत्र अथवा किसी अन्य लेखा विवरण की प्रतियां प्रदान करें।

(xvii) उद्‌यम की आस्तियों एवं वित्तीय स्थिति से संबंधित सूचना का ब्यौरा दें।

(xviii) आपकी यूनिट को क्षति अथवा क्षति की संभावना के कारणों एवं उनके आधार का विवरण दें :

क. जिस उत्पाद के लिए संरक्षण की मांग की गई है उस पर लगे आयात प्रतिबंधों को हटाने/आयात शुल्क में कमी किए जाने के प्रभाव का विवरण प्रदान करें।

ख. कृपया उन अन्य परिस्थितियों का ब्यौरा दें जिन्होंने आयातों में वृद्‌धि में योगदान दिया।

ग. कृपया उन परिस्थितियों के संबंध में सूचना प्रदान कराएं जिसमें भारत में अंतर्राष्ट्रीय बाजार के निर्यातकों को अपना माल वर्धित मात्रा में भेजने में सहयोग दिया।

घ. कृपया पिछले तीन वर्षों में इस उत्पाद की मांग और प्रत्याशित वृद्‌धि, यदि कोई हो तो, का ब्यौरा दें। वृद्‌धि अथवा कमी के कारणों का भी उल्लेख करें।

खंड 4: समायोजन योजना संबंधी सूचना : शीर्ष पर_वापस जाएं

(i) आपके विचार से क्षति को कैसे दूर किया जा सकता है?

(ii) कृपया रक्षोपाय शुल्क की प्रमात्रा एवं अवधि का उल्लेख करें जो वर्धित आयातों द्‌वारा आपके समक्ष प्रस्तुत प्रतिस्पर्धा की नई परिस्थिति से समायोजन करने में सहायक होगी।

(iii) कृपया रक्षोपाय शुल्क के प्रगामी उदारीकरण को विनिर्दिष्ट करें।

(iv) कृपया वर्धित आयातों द्वारा प्रस्तुत की गई प्रतिस्पर्धा की नई स्थिति को समायोजित करने के लिए आप अपनी यूनिट के पुनर्गठन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें। क्षमता संवर्धन के लिए अब तक क्या उपाय किए गए हैं?

(v) भविष्य के लिए प्रस्तावित पुनर्गठन योजना का क्रियान्वयन कैसे किया जाएगा?

(vi) कृपया उत्पादन लागत में वर्षवार कटौती किए जाने (अथवा अन्य लाभों का प्रमात्रा पृथक रूप से) का आकलन प्रदान करें जिसे समायोजन के परिणामस्वरूप प्राप्त किया जा सकता है। आपकी पुनर्गठन योजना का अगोपनीय सार प्रस्तुत किया जाना चाहिए। जब तक यह प्रदान नहीं किया जाता है तब तक गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना को रिकार्ड में नहीं लिया जा सकता है।

(vii) आपकी पुनर्गठन योजना का अगोपनीय सार प्रस्तुत करें। जब तक यह प्रदान नहीं किया जाता है तब तक आपके द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना को रिकार्ड में नहीं लिया जाएगा।

खंड 5: आयातों से संबंधित सूचना, यदि कोई : **शीर्ष पर वापस जाएं**

(i) क्या आप खंड 2 (ii) में यथावर्णित उत्पाद (अथवा समान उत्पाद) का आयात कर रहे हैं।

(ii) यदि हां, तो कृपया पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए सभी आयातों की सूची प्रस्तुत करें जिसमें आयातित उत्पाद, मात्रा, मूल्य, चुकाए गए शुल्क का विवरण दिया गया हो।

(iii) आयातों के कारणों का उल्लेख करें।

(iv) आयातित वस्तु के निपटान और वितरण एवं विपणन चैनल्स का उल्लेख करें।

(v) उन अंतिम प्रयोक्ताओं की सूची प्रदान करें जिन्हें इस आयातित उत्पाद की बिक्री की गई है।

(vi) इन आयातों का घरेलू उत्पाद की बिक्री पर प्रभाव।

(vii) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत को समग्र रूप से किए गए किए गए माहवार आयातों का और उसकी सीआईएफ कीमतों का ब्यौरा दें।

(viii) भारत को किए गए आयातों की कीमत अन्य देशों को किए गए कीमत की तुलना में कम क्यों हैं।

(ix) भारत को निर्यात करने वाले निर्यातकों के नाम और पते।

खंड 6: विविध सूचना : शीर्ष पर_वापस जाएं

क. पिछले तीन वर्षों के दौरान बंद कारखानों का विवरण एवं उनके बंद होने के कारणों के साथ-साथ बंद के दौरान स्टॉक की स्थिति का उल्लेख करें।

ख. पिछले तीन वर्षों के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा दिए गए उन आदेशों का ब्यौरा जिन्हें पूरा नहीं किया जा सका अथवा उनमें भारी विलंब हुआ। कृपया विलंब के कारणों का भी उल्लेख करें।

आयातकों के लिए प्रश्नावली

खंड 1: सामान्य सूचना : शीर्ष पर_वापस जाएं

i. पहचान के लिए संपूर्ण विवरण

   क. उद्यम का नाम :

   ख. पता :

   ग. दूरभाष संख्या/फैक्स संख्या :

   घ. संपर्क व्यक्ति, पता एवं दूरभाष संख्या :

ii. कारपोरेट संरचना

iii. वितरण एवं विपणन चैनल

खंड 2: आयातित उत्पाद का विवरण : शीर्ष पर_वापस जाएं

क. आपके द्‌वारा आयातित उत्पाद का नाम।

ख. उत्पाद का विवरण जिसमें विभिन्न ग्रेड, साइज, माडल अथवा टाइप आदि शामिल हों।

ग. उत्पाद की गुणवत्ता एवं विशेषताएं।

घ. उत्पाद के प्रयोग।

ङ. उत्पादन के लिए प्रयोग किया जाने वाला कच्चा माल एवं संघटक तथा अन्य अंतर्निविष्टियां।

च. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 और आईटीसी के अंतर्गत प्रशुल्क वर्गीकरण।

छ. आयातों पर पिछले तीन वर्षों के दौरान चुकाए गए सीमाशुल्क की दर। कृपया ब्यौरा एवं समर्थनकारी दस्तावेजों की प्रतियां (जैसे प्रविष्टि बिल, बीजक आदि) उपलब्ध कराएं।

ज. आयातित उत्पाद के औद्‌योगिक प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं का ब्यौरा प्रदान करें।

खंड 3: आयातों की मात्रा एवं कीमत : **शीर्ष पर_वापस जाएं**

(i) कृपया पिछले तीन वर्षों के लिए (अप्रैल से मार्च) माहवार/तिमाहीवार निर्यात का देश, आयात की गई मात्रा, सीआईएफ मूल्य, मुद्रा कन्वर्जन अनुपात आदि का विवरण देते हुए (प्रत्येक उत्पाद की किस्मवार) सभी आयातों का ब्यौरा दें एवं उक्त अवधि के दौरान हुए शुल्क मुक्त आयातों एवं शुल्क युक्त आयातों के अलग-अलग किए गए आयातों की मात्रा का विवरण प्रदान करें।

(ii) भुगतान की शर्तें।

(iii) आयातों को शासित करने वाले आयात लाइसेंसो/ आयात नीति का विवरण।

खंड 4: आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित सूचना : **शीर्ष पर_वापस जाएं**

(i) निर्यातक का नाम

(ii) पता

(iii) दूरभाष, फैक्स संख्या

(iv) संपर्क व्यक्ति का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या

(v) क्या निर्यातक उत्पादक/वणिक अथवा निर्यातक/व्यापारी है

(vi) निर्यातक (यदि उत्पादक हो तो) की वार्षिक क्षमता क्या है

(vii) निर्यातक के साथ आपके क्या संबंध हैं

(viii) आपकी उस निर्यातक के साथ व्यवसाय की शर्तें, अर्थात भुगतान की शर्तें, आयात की अन्य प्रतिबद्धता आदि क्या हैं।

निर्यातकों के लिए प्रश्नावली

खंड 1: सामान्य सूचना : शीर्ष पर_वापस जाएं

(i) पहचान का संपूर्ण विवरण

क. उद्यम का नाम

ख. पता

ग. दूरभाष संख्या/फैक्स संख्या

घ. संपर्क व्यक्ति का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या

(ii) वितरण एवं विपणन चैनल

खंड 2: निर्यात किए गए उत्पाद का विवरण : शीर्ष पर_वापस जाएं

(i) आपके द्वारा निर्यातित उत्पाद का नाम

(ii) उत्पाद का विवरण जिसमें विभिन्न ग्रेडों, आकार, मॉडल अथवा टाइप का विवरण शामिल हो

(iii) उत्पाद की गुणवत्ता एवं उसकी विशेषताएं

(iv) इसका उत्पादन करने के लिए प्रयोग किया गया कच्चा माल और संघटक तथा अन्य अंतर्निविष्टियां

(v) निर्यातित उत्पाद के औद्योगिक उपयोक्ताओं/उपभोक्ताओं का विवरण

खंड 3: निर्यातों की क्षमता, उत्पादन, मात्रा और कीमत : शीर्ष पर_वापस जाएं

(अधिमानत: वित्तीय वर्ष अप्रैल-मार्च के लिए)

i. क्षमता

पिछले वर्ष, चालू वर्ष

ii. उत्पादन

पिछले वर्ष चालू वर्ष अगले वर्ष

iii. उपर्युक्त अवधियों के दौरान उत्पादन लागत

iv. उपर्युक्त अवधियों के दौरान घरेलू बाजार में प्रति यूनिट बिक्री कीमत

v. उपर्युक्त अवधि के दौरान प्रति यूनिट निर्यात/बिक्री कीमत

vi. क्या आपका भारत में कोई एजेंट अथवा कार्यालय है, यदि हां तो, तो उनके नाम और पते तथा दूरभाष संख्या, फैक्स संख्या का उल्लेख करें।

vii. विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान भारत को निर्यात की गई मात्रा

viii. भारत सहित विभिन्न बाजारों में अपने उत्पाद की आपूर्ति करने के लिए आपकी प्रतिबद्धता।